सफाई कार्य के संबंध में मलकानी समिति की सिफारिशें

4521. श्री मंगल राम प्रेमी : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जिनमें भारत सरकार द्वारा गठित मलकानी समिति की सिफारिशें लागू कर दी गई हैं ;

(ख) देश में उन नगर निगमों, महानगर पालिकाओं और नगर पालिकाओं, की संख्या कितनी है जिन में सफाई कार्य व्यवस्थित रूप से किया जाता है;

(ग) किन-किन राज्यों में गन्दगी सिर पर ढोने का कार्य समाप्त कर दिया गया है;

(घ) क्या सफाई कार्य को पहले ही आवश्यक सेवा घोषित कर दिया गया है या सरकार का विचार इसे आवश्यक सेवा घोषित करने का है;

(ङ) सफाई वालों की स्थिति सुधारने के लिए कौन सी योजनाएं सरकार के विचाराधीन हैं; और

(च) देश में सभी स्थानों पर सफाई वालों का समान वेतन न होने के क्या कारण हैं जबकि सभी राज्यों में सफाई कार्य समान हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) से (च). प्रश्न का विषय निर्माण तथा आवास मंत्रालय का है। सूचना राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से एकत्र की जायेगी और निर्माण तथा आवास मंत्रालय द्वारा सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

मूल वेतन से कटौतियां

4522. श्री राजेश्वर निवारा : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सैकड़ों कर्मचारियों के पहले के मूल वेतन से भी कटौतियां किए जाने के क्या कारण हैं और इस के परिणामस्वरूप कर्मचारियों को जो आर्थिक कठिनाइयां हो रही हैं उस के लिए कौन उत्तरदायी है; और

(ख) क्या सरकार का विचार उन्हें पहले का मूल वेतन, जिस के वे कानूनी हकदार हैं, देने का है और यदि हां, तो कब ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिवराज वी० पाटिल) : (क) और (ख). थल सेना के किसी सिविलियन अध्यापक के मूल वेतन से कोई अनधिकृत कटौती नहीं की गई है। जो वेतन संरक्षण पाने के हकदार थे उन सभी को यह वेतन संरक्षण का लाभ दे दिया गया है ।

Promotion of Draftsman in M.E.S.

4523. SHRI SAJJAN KUMAR: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is great discontentment among the Draftsman Grade I regarding promotion to Senior Draftsman grade in the Miltary Engineering Service, particularly in Western Command;

(b) whether it is also a fact that some juniors have been given promotion twice ignoring the seniors;

(c) if so, the reasons thereof; and

(d) the steps Government propose to take to do justice to the persons serving in the department for the last 15—20 years ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI SHIVRAJ V. PATIL) : (a) to (d). The facts are being ascertained and information will be laid on the Table of the House.